मेरा खाटूवाला श्याम बदलता तक़दीरें | by Varsha Garg

कभी जल्दी जल्दी कभी धीरे धीरे
ओ मेरा खाटू वाला श्याम बदलता तक़दीरें

कहते हैं कोई बदल ना पाया है किस्मत की रेखा
पर ये करिश्मा हमने श्याम को रोज़ ही करते देखा
तभी तो ये दुनिया दीवानी इसकी रे
ओ मेरा खाटू वाला श्याम बदलता तक़दीरें

दीन दुखी जो भी आते हैं मेरे श्याम के द्वारे
बारी बारी से भक्तों के इसने काज सँवारे
यही पे तो भरती झोलियाँ सबकी रे
ओ मेरा खाटू वाला श्याम बदलता तक़दीरें

अगर भरोसा सच्चा हो तो काम बने हर पल में
देर उन्ही को लगती जिनके शंका होती मन में
कहे सोनू रखो भावना सच्ची रे
ओ मेरा खाटू वाला श्याम बदलता तक़दीरें

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ac%e0%a4%a6%e0%a4%b2%e0%a4%a4/